हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 296 देहरादून, शुक्रवार, 19 मई, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



अब पुरुषों को भी मिलेगी चाइल्ड केयर लीव, धामी कैबिनेट में इन 16 प्रस्तावों पर लगी मुहर 3

# मुख्यमंत्री धामी ने सचिवालय में 'पैच रिपोर्टिंग एप'का किया शुभारम्भ







न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 19 मई : यह मोबाइल एप लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए बनाया गया है। इसके माध्यम से अब कोई भी व्यक्ति अपने आसपास सड़कों पर पाए जाने वाले गड्ढों की फोटो खींचकर पूरी जानकारी के साथ अपनी शिकायत दर्ज कर सकता है। शिकायतकर्ता को ऐप के माध्यम से दर्ज शिकायत पर हुई कार्रवाई के विषय में भी चित्र सहित जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस एप के माध्यम से प्रदेश की सड़कों को गड्ढ़ा मुक्त करने में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि एप के माध्यम से शिकायतकर्ता द्वारा सड़क पर गड्ढ़े से संबंधित जो शिकायत की जायेगी, उसका समाधान एक सप्ताह के अन्दर ठीक कराया जाए, इसके लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की जाय। उन्होंने कहा कि इस एप के माध्यम से सड़कों को पूर्णतया गड्ढा मुक्त बनाने में काफी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक निर्माण विभाग के उच्चाधिकारी इसकी नियमित मॉनिटरिंग भी करें। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा राज्य की सड़कों को पूर्णतया गड्ढ़ा मुक्त बनाने के लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों सख्त निर्देश दिये गये थे। लोक निर्माण विभाग द्वारा इस समस्या के समाधान के लिए पैच रिपोर्टिंग एप विकसित किया गया है। प्रदेश में सड़कों को गड्ढा मुक्त करने में सहयोग करने वाला यह मोबाइल एप लोक निर्माण विभाग द्वारा सुगम सुरक्षित यात्रा हेतु सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाए जाने और आमजन से परस्पर संवाद बनाये रखने के लिए विकसित किया गया है। इस एप के द्वारा गड्ढे वाले स्थान की लोकेशन की सूचना अक्षांश, देशांतर द्वारा स्वतः ही प्रदर्शित होगी। एप से प्राप्त सूचना के आधार पर लोक निर्माण विभाग त्वरित कार्रवाई कर कार्य का विवरण चित्र सहित संबंधित शिकायतकर्ता एवं उच्च अधिकारी को प्राप्त होगा। यह एप जनसामान्य द्वारा लोक निर्माण विभाग, उत्तराखंड के अधीन सड़कों पर स्थित पैच/ गड्ढों के बारे में जानकारी प्रदान करने और विभाग द्वारा उनके त्वरित निराकरण किए जाने हेतु विकसित किया गया है।

## अब स्मार्ट सिटी के काम की धीमी प्रगति से हुए शहरी विकास मंत्री नाराज

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

शहरी विकास मंत्री डा प्रेमचंद अग्रवाल ने स्मार्ट सिटी द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान निर्माण कार्यों की धीमी गति पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। वहीं, कई कार्यों के काम अंतिम चरण अथवा पूर्ण होने पर प्रोत्साहित भी किया। साथ ही जहां वाटर एटीएम लगे हैं, वहां दो दिन के भीतर जागरूकता बोर्ड लगाने के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा पूर्व में परेड ग्राउड में निरीक्षण के दौरान घास की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए जांच के निर्देश देने के बाद भी कार्यवाही न होने पर क्लास लगाई।

शासकीय आवास पर हुई समीक्षा बैठक में विभागीय मंत्री डा अग्रवाल ने स्मार्ट सिटी के कार्यों की स्थिति जानी। बैठक के दौरान डा अग्रवाल ने सिटीजन जागरूकता अभियान चलाने को कहा। वाटर एटीएम पर अधिकारियों ने बताया की कुल 24 एटीएम अभी तक लगाए गए हैं, जिसका लाभ अभी तक साढ़े पांच लाख लोग ले चुके हैं। बताया की एटीएम में एक रुपए का सिक्का डालने पर 300 एमएल वाटर देता है।

इस पर मंत्री ने कहा की गर्मी का दिनों में वाटर एटीएम राहगीरों के लिए औषधि का काम करता है, ऐसे में उन्हें दूर से वाटर एटीएम की जानकारी हो, इसके लिए दो दिन के भीतर साइन बोर्ड लगाया जाए।डा



अग्रवाल ने बैठक में बीती 19 जनवरी को परेड ग्राउंड में निरीक्षण के दौरान घास की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए इसकी जांच के निर्देश दिए थे, मगर पांच माह के बाद भी जांच न होने पर डा अग्रवाल ने अधिकारियों की जमकर क्लास ली।

उन्होंने जल्द जांच के लिए भी निर्देशित किया।उन्होंने स्मार्ट जल प्रबंधन सकाडा द्वारा किए गए कार्यों की भी जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि इसके तहत 206 ट्यूबवेल लगाए गए हैं। वहीं, स्मार्ट जल मीटर पर बताया कि 29 किमी पर 6432 स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं।उन्होंने स्मार्ट रोड परियोजना की स्थिति जानी। जिस पर अधिकारियों ने बताया कि हरिद्वार रोड, ईसी रोड, राजपुर रोड, चकराता रोड पर रात्रि 11 बजे से अगले दिन सुबह 5 बजे तक कार्य किया जा रहा है, इस पर मंत्री डा अग्रवाल ने कहा कि रात्रि में अधिकारी भी मौके पर तैनात रहे, इससे कार्यों की मॉनिटरिंग भी होगी।बैठक के दौरान डॉ अग्रवाल ने इंटीग्रेटेड आउट फॉल सीवरेज स्कीम और इंटीग्रेटेड आउट फॉल ड्रेनेज स्कीम की स्थिति जानते हुए काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्मार्ट स्कूल, स्मार्ट शौचालय, इलेक्ट्रिक बस, क्रैच बिल्डिंग, दून लाइब्रेरी, डिजिटाइजेशन ऑफ कलेक्ट्रेट ऑफिस एंड सीडीओ ऑफिस, पलटन बाजार पैदलीकरण, स्मार्ट पोल तथा फसाड वर्क्स पलटन बाजार का कार्य लगभग पूर्ण होने पर अधिकारियों को प्रोत्साहित भी किया।

## उत्तराखंड : प्रदेश में 24 घंटे में 15 जगह लगी जंगलों में आग




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 19 मई : प्रदेश में जंगलों में आग लगने के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। बीते 24 घंटे में प्रदेश में कुल 15 स्थानों पर आग लगी। इस दौरान कुमाऊं में नौ, गढ़वाल में पांच और संरक्षित वन्यजीव क्षेत्रों में एक जगह आग लगी। इसमें कुल 16 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। जबकि 35 हजार रुपये से अधिक की आर्थिक क्षति का आकलन किया गया है। प्रदेश में अभी तक वनाग्नि के 380 मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें कुल 453.48 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। जबकि 12 लाख 18 हजार 870 रुपये क्षति का आकलन किया गया है।

# बाइक राइडिंग के शौकीन हैं तो ये तीन चीजें हमेशा रखें साथ ?






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 19 मई : बाइक राइडिंग आज एक मनोरंजन के रूप में उभर रही है। देश विदेश में ऐसे हजारों लोग हैं जो समूह में बाइक की राइडिंग के लिए निकलते हैं। चाहे सर्दियों का मौसम हो या गर्मियो का बाइक राइडर इस बात से अंजान रहकर अपनी राइड को सुहाना बनाने की कोशिश में लगे रहते हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि बाइक राइडिंग के समय किन किन चीजों को ध्यान में रखने की जरूरत होती है।

जैकेट राइडर के लिए सबसे अहम चीज है हालांकि बाजार में कई ऐसी जैकेट मौजूद हैं। जो आपको कूल दिखाने के साथ साथ सर्दियो से भी बचाती हैं। प्रीमियम इग्नाइट राइडर प्रो जैकेट उन लोगों के लिए है जो राइडिंग को काफी उत्सुक हैं और हमेशा चरम रोमांच प्राप्त करने के लिए तैयार होते हैं। 'इग्नाइट-कलेक्शन' में तीन लेयर्ड वाली टूरिंग जैकेट सभी प्रकार के मौसम से सुरक्षा प्रदान करता है और आपकी यात्रा को सुखद और सुरक्षित बनाता है।

इसके बाद सबसे अहम चीज होती है गलव्स, इग्नाइट गलव्स आपकी बाइक पर सबसे अच्छी सुरक्षा, आराम प्रदान करता है। इटली में डिज़ाइन किया गया यह सर्दियों के लिए बिल्कुल सही है और चलते समय सुरक्षा की आवश्यकता को पूरा करता है क्योंकि यह हाथों को अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करता है और ये रिफ्लेक्टिव भी है। यह बेहद हल्के वजन में है, ले जाने में आसान और ब्रीथेबल हैं। बेहतर पकड़ के लिए विशेष पीवीसी लेदर से बने और आराम को ध्यान में रखते हुए इसमें सौम्यता के लिए पॉलीफिल परत भी है।

इग्नाइट का स्ट्रेचेबल बालाक्लावा राइडर के आराम को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है, यह लंबी सवारी के लिए भी है क्योंकि यह सूखा रहता है और शरीर से चिपकता नहीं है, नॉन-सेचुरेटेड है और पसीने को आपके शरीर से दूर रखता है। तकनीकी तौर पर बेहतर ये गारमेंट लंबे समय तक आपके साथ बने रहते हैं। यह हवा, धूल, ठंड, प्रदूषण, धूप और यूवी-किरणों से बेहतर सुरक्षा प्रदान करता है। यह वजन में हल्का और पूरी तरह से ब्रीथेबल है और हेलमेट के नीचे फिट होने के लिए आरामदायक है और पूरे चेहरे और बाजू को कवरेज प्रदान करता है।

# 2023 दिसंबर से शिमला-कालका रूट पर दौड़ेगी हाइड्रोजन ट्रेन

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 19 मई ; रेलवे प्रशासन मिशन रफ्तार की अपनी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए कमर कस चुका है। दस महीने के भीतर दिल्ली-मुंबई, दिल्ली-हावड़ा रूट पर 160 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेनें दौड़ने लगेंगी। इससे पहले इस रफ्तार से ट्रेनों की सुरक्षा निकासी के लिए रेलवे ट्रैक के दोनों तरफ दीवार तैयार करेगा। साथ ही प्रोजेक्ट कवच भी पूरा किया जाएगा। इसके अलावा दो अहम प्रोजेक्ट भी इसी बीच पूरे होने हैं। रेलवे इस साल दिसंबर तक कालका-शिमला रूट पर अपनी पहली हाइड्रोजन ट्रेन शुरू करेगा। जबकि जनवरी 2024 में चिनाब ब्रिज से ट्रेन चलने लगेगी। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधरी के मुताबिक इस वित्तीय वर्ष में कश्मीर घाटी में बन रहे दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज चिनाब पर ट्रेन चलने लगेगी। पहली हाइड्रोजन ईंधन वाली ट्रेन सहित अन्य परि-योजनाएं भी मिशन मोड में हैं।




दरअसल उत्तर रेलवे मिशन रफ्तार को अंजाम तक पहुंचाने के लिए पूरी मुस्तैदी दिखा रहा है। रोजाना 15 लाख यात्रियों को 1926 ट्रेनों से सफर करने वाला जोन अपनी तमाम योजनाओं में तेजी ला रहा है। रेलवे ने इस वित्त वर्ष में सेमी हाई स्पीड चलाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए कवच नामक उन्नत सिग्नलिंग सिस्टम लगाया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने से उत्तरी जोन से गुजरने वाली ट्रेनों को हादसों से बचाया जा सकेगा। इसके अलावा रेलवे ट्रैक के दोनों ओर फेंसिंग का काम भी पूरा किया जाएगा। इससे ट्रैक पर इंसान समेत जानवरों की आवाजाही बंद हो जाएगी। नतीजतन, हाई स्पीड ट्रेनों की आवाजाही में कोई बाधा नहीं होगी। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने सहमति व्यक्त की कि दोनों परियोजनाओं को इसी वित्तीय वर्ष में पूरा कर लिया जाएगा।

भारतीय रेलवे कश्मीर घाटी को रेल नेटवर्क से जोड़ने का काम कर रही है, ताकि कन्याकुमारी से कश्मीर तक सीधी ट्रेन चलाई जा सके। इसके लिए कश्मीर घाटी में दुनिया का सबसे ऊंचा रेल पुल चिनाब बनाया जा रहा है। यह परियोजना क्षेत्र के लिए भी उपयोगी साबित होगी। कश्मीर घाटी को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाला सदाबहार रेल संपर्क एक बेहतर विकल्प साबित होगा। पुल को 266 किमी प्रति घंटे की हवा की गति के लिए डिजाइन किया गया है।

# सावधान : केदारनाथ हेलीकॉप्टर टिकट के नाम पर 1 लाख रुपये की ठगी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 19 मई : अगर आप हेली सेवा के जरिए केदारनाथ यात्रा करना चाहते हैं तो सावधान रहें। यात्रा शुरू होते ही श्रद्धालुओं से साथ हेली सेवा के नाम पर धोखाधड़ी के मामले भी सामने आने लगे हैं। महाराष्ट्र का रहने वाला एक श्रद्धालु भी शातिर ठगों के झांसे में आ गया, और जब तक धोखे का अहसास हुआ, तब तक वो एक लाख रुपये गंवा चुका था।

अच्छी बात ये है कि ठगी के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोर्ट में पेशी के बाद उसे जेल भेज दिया गया।पीड़ित रामभाऊ चोगले बीती 10 मई को महाराष्ट्र से केदारनाथ आए थे। पुलिस को दी गई शिकायत में उन्होंने बताया कि फाटा में उन्हें आशीष चौधरी नाम का एक शख्स मिला। उसने कहा कि वो रामभाऊ को हेलिकॉप्टर से केदारनाथ धाम पहुंचा देगा। रामभाऊ झांसे में आ गए। इस दौरान आरोपी आशीष चौधरी ने उनसे 8 टिकट के लिए एक लाख रुपये मांगे। पीड़ित ने 75 हजार नगद और 25 हजार ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिये। पूरा पैसा देने के बाद पीड़ित और उनका परिवार इंतजार करता रहा, लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिला। आरोपी फोन भी नहीं उठा रहा था। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने पुलिस में शिकायत की। जिस पर गुप्तकाशी और फाटा पुलिस ने आरोपी आशीष चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। वो महाराष्ट्र के पुणे का रहने वाला है। आप भी इस घटना से सबक लें।





# सीएम धामी की सरकार में ऐसे मिलेगा मेधावी छात्र छात्राओं को प्रोत्साहन, सरकार का बड़ा फैसला

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, ब्यूरो रिपोर्ट। सरकारी स्कूलों में छात्रों को अध्ययन हेतु प्रोत्साहित करने, उपस्थिति बढ़ाने और ड्राप ऑउट को रोकने के लिहाज से उत्तराखंड में मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना को राज्य कैबिनेट ने अपनी मंजूरी प्रदान की है। माना जा रहा है कि यह योजना आने वाले दिनों में राज्य की शिक्षा व्यवस्था में सुधार के हिसाब से गेम चेंजर साबित होगी। इस योजना के अंतर्गत कक्षा 6 से 12 वीं तक के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना (जूनियर स्तर) के तहत विकासखण्ड स्तर पर कक्षा 05 से उत्तीर्ण विद्यार्थियों के मध्य प्रतियोगात्मक परीक्षा के आधार पर कुल प्रतिभागी छात्रों में से 10 प्रतिशत श्रेष्ठता वाले छात्र-छात्राओं को यह छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।आंकलन है कि राज्य के 95 विकासखण्डों में कक्षा 05 उत्तीर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं की कुल संख्या 79532 है, जिनमें से छात्रवृत्ति हेतु अर्ह 10 प्रतिशत छात्र-छात्राओं की संख्या 7953 होगी। इस छात्रवृत्ति को प्रारम्भ में प्रथम वर्ष में कक्षा 06 में अध्ययनरत चयनित विद्यार्थियों को प्रदान किया जायेगा, जिसे क्रमोत्तर वर्षों में निर्धारित पात्रता के अनुसार निरन्तर रूप से कक्षा 08 तक दिया जायेगा।योजना के तहत कक्षा 06 के पात्र विद्यार्थियों को अधिकतम 1 वर्ष तक 600 रूपये प्रतिमाह, कक्षा 07 के पात्र विद्यार्थियों को अधिकतम 01 वर्ष तक 700 रूपये प्रतिमाह तथा कक्षा 08 के पात्र विद्यार्थियों को अधिकतम 01 वर्ष तक 800 रूपये प्रतिमाह की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए छात्र-छात्राओं को राज्य में संचालित राजकीय, राजकीय सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं (केन्द्रीय व आवासीय विद्यालयों को छोड़कर) से कक्षा 05 संस्थागत रूप से उत्तीर्ण करना अनिवार्य है तथा वर्तमान में कक्षा 06 में संस्थागत छात्र-छात्रा के रूप में अध्ययनरत होना भी अनिवार्य है। कक्षा 06 एवं 07 में प्रत्येक कक्षा में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति 75 प्रतिशत तथा 60 प्रतिशत अंक प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा।अनुसूचित जाति एवं जनजाति तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राओं को उक्त छात्रवृत्ति का लाभ समुचित रूप से मिल सके, इसके लिए उन्हें प्रतियोगात्मक परीक्षा में प्राप्त अंकों तथा कक्षा 06 से 07 तक प्रत्येक कक्षा में प्राप्त अंकों में 05 प्रतिशत का अधिमान दिया जाएगा।किसी भी विद्यार्थी को राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं का दोहरा लाभ प्रदान नही किया जायेगा। इस छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए अभ्यर्थी के माता-पिता एवं अभिभावक की वार्षिक आय का कोई प्रतिबन्ध नहीं होगा। छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन एससीईआरटी उत्तराखण्ड देहरादून द्वारा किया जायेगा।



# अब पुरुषों को भी मिलेगी चाइल्ड केयर लीव, धामी कैबिनेट में इन 16 प्रस्तावों पर लगी मुहर



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

सीएम पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 16 प्रस्तावों पर मुहर लगी है । इस दौरान प्रदेश में एकल अभिभावकों को दो साल की चाइल्ड केयर लीव दिए जाने सहित कई प्रस्तावों पर मुहर लगी। अभी तक केवल महिला कर्मचारी को यह सुविधा मिलती थी। अब एकल पुरुष अभिभावक को भी यह सुविधा मिलेगी।बैठक में सीएम मेधावी छात्रवृत्ति योजना मुहर लगी। कक्षा 6 से लेकर 12वीं तक सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाएगी। कक्षा 6 से कक्षा 10 तक छात्रवृत्ति परीक्षा के बाद अंकों के प्रतिशत के आधार पर छात्रवृत्ति मिलेगी। कक्षा 6 में ₹600 कक्षा 7 में ₹700 कक्षा 8 में ₹800 कक्षा 9 में ₹900 कक्षा 11 और 12 में 1200 छात्रवृत्ति मिलेगी।

छात्रवृत्ति की राशि प्रतिमाह मिलेगी।2- उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षा में 2 विषयों में परीक्षाफल सुधार परीक्षा का मौका मिलेगा। फेल छात्रों के अलावा अपने अंको में सुधार के लिए भी दी जा सकेगी परीक्षा।3- प्रदेश में शहरों के हिसाब से अग्निशमन विभाग को 7 श्रेणियों में बांटा गया है प्रत्येक श्रेणी में अलग-अलग सुविधाएं दी जाएंगी4- प्रदेश में 955 बीआरसी और सीआरसी ₹40000 प्रति माह वेतन पर आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से रखे जाएंगे5- पर्यटन विभाग ने एयरोस्पोर्ट्स पैराग्लाइडिंग आदि के लिए नियमावली बनाई है जिसके तहत शर्तें पूरी करके लाइसेंस लेना होगा बिना लाइसेंस के पैराग्लाइडिंग करवाने वालों पर ₹50000 तक जुर्माना लगेगा6- अशासकीय विद्यालय में 2016 में लिया गया 5 साल में प्रबंधन समिति के चुनाव का फैसला पलटा अब पूर्व की भांति 3 साल पर ही होंगे प्रबंधन समिति के चुनाव7- वाणिज्य कर अधिकारी सेवा नियमावली में संशोधन पर मोहर वाणिज्यकर को अब राज्य कर कहा जाएगा आयुक्त कर को आयुक्त राज्य कर और मनोरंजन कर के 9 पद आरक्षित किए गए।8- वित्तीय समिति के अधिकार बढ़ाए अब एक करोड़ के बजाय 10 करोड़ तक के कार्यों को विभागीय सचिव के स्तर से बनी समिति से मिल जाएगा अप्रूवल इससे ऊपर वालों को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बनी समिति से अप्रूवल मिलेगा9- भातखंडे हिंदुस्तानी संगीत महाविद्यालय की नियमावली पर मोहर10- प्रदेश में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए इको टूरिज्म स्थल पर होने वाली कमाई का केवल 10% हिस्सा ही ट्रेजरी में जमा होगा 90% हिस्सा स्थानीय समिति के पास रहेगा जिससे वहां विकास कार्य किए जा सकेंगे पुराने इको टूरिज्म स्थलों पर 20% हिस्सा ट्रेजरी में जमा होगा और 5 करोड़ से अधिक की रकम इकट्ठा होने और कोई नया काम संभावित ना होने पर वह रकम ट्रेजरी में जमा हो जाएगी11- अब प्रदेश में एकल अभिभावकों को मिल सकेगी 2 साल की चाइल्ड केयर लीव अभी तक केवल महिला कर्मचारी को यह सुविधा मिलती थी अब एक कलपुरुष अभिभावक को भी यह सुविधा मिलेगी जिनके बच्चे 40% से अधिक दिव्यांग हैं उन्हें निर्धारित 18 साल के बाद भी सीसीएल का लाभ मिल सकेगा12- स्टोन क्रेशर हॉट मिक्स प्लांट के लिए बनी साइट सिलेक्शन कमेटी में अब हाईकोर्ट के निर्देशों के अनुसार पोलूशन कंट्रोल बोर्ड का एक अधिकारी भी बतौर सदस्य होगा13- प्रदेश में निराश्रित गोवंश के लिए बनी गौशालाओं में अब प्रति गाय प्रतिदिन ₹30 के बजाय ₹80 खर्च सरकार देगी इनके इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर डीएम भी पैसा दे सकेंगे14- जमरानी बांध के विस्थापितों को उधम सिंह नगर के पराग फार्म में 300 एकड़ जमीन दी जाएगी इसकी विस्थापन नीति पूर्व में कैबिनेट से पास हो चुकी है15- नगर पंचायत कालाढूंगी का सीमा विस्तार किया जाएगा16- प्रदेश में नजूल नीति 2021 को 1 साल के लिए विस्तारित किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### सीबीएसई बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंटस को किया सम्मानित

ऋषिकेश। ऋषिकेश के डीएसबी इंटरनेशनल स्कूल में रंगारंग कार्यकमों के बीच प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। जयराम आश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी महाराज ने कहा कि स्कूल के छात्र बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर उत्तराखंड का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को नई ऊंचाइयां छूने के लिए प्रेरित किया। गुरुवार को डीएसबी स्कूल में आयोजित समारोह में सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का शुभारंभ जी-20 पर आधारित विद्यालय के संगीत शिक्षक द्वारा रचित गीत की प्रस्तुति से किया गया। नारी सशक्तिकरण पर आधारित गीत एवं नृत्य ने खूब तालियां बटोरीं। विद्यालय के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी महाराज व पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय ने सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा में सिटी टॉपर छात्र वैभव जोशी को 21 हजार रुपये व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। विज्ञान वर्ग में अंशिका कपरूवान, वाणिज्य वर्ग में सिया चंदानी और विधि चावला को 11-11 हजार दिये गये। जबकि दिव्याक्षी, काव्य शर्मा, ममता पंत एवं राशि अरोड़ा को प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। 10वीं कक्षा में सिटी टॉपर रही छात्रा जासिया हारून को 21 हजार रुपये एवं सृष्टि चौहान को प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। इस अवसर ब्रह्मचारी महाराज ने छात्रों को नई ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय ने छात्र- छात्राओं को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि आपने न सिर्फ अपने विद्यालय का बल्कि पूरे उत्तराखंड का गौरव बढ़ाया है। पुलिस अधीक्षक ने प्रधानाचार्य और अध्यापकों को इसका श्रेय देते हुए कहा कि अध्यापक ही बच्चों को तराशने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिव सहगल, एमसी त्रिवेदी, गंगाराम आडवाणी, विनोद अग्रवाल, अशोक शर्मा, दीप शर्मा, संजय शास्त्री, अशोक रस्तोगी, जयेन्द्र रमोला, मुकुल शर्मा, विनय उनियाल, मनोरजंन देवरानी, महेन्द्र खन्ना, करमवीर, मुधकर शर्मा, नागेन्द्र मिश्रा, सुदेश शर्मा, सतेन्द्र भटट आदि विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### मेयर ने छात्राओं को दिखाई 'द केरल स्टोरी फिल्म

ऋषिकेश। मेयर अनिता ममगाईं ने सामाजिक जन जागरण के तहत सरस्वती विद्या मंदिर आवास विकास की छात्राओं को 'द केरल स्टोरी फिल्म का शो निशुल्क दिखाया। गुरुवार को ऋषिकेश मेयर सरस्वती विद्या मंदिर की छात्राओं के साथ देहरादून रोड स्थित सिनेमाघर पहुंचीं। यहां उन्होंने 'द केरल स्टोरी मूवी को सामूहिक रूप से देखा। इस दौरान मेयर ने कहा कि युवतियों को जागरूक करने के उद्देश्य से इस शो का आयोजन किया है। यह फिल्म हर युवती को देखनी चाहिए, ताकि वह जागरूक रहकर लव जिहाद जैसी घटनाओं से बच सके। कहा कि लड़कियां झूठे प्रेम के जाल में फंसकर अंधेरी दुनिया में पहुंच जाती हैं, जिससे उनकी जिंदगी नरक बन जाती है। उन्?होंने कहा कि 'द केरल स्टोरी एक फिल्म नहीं बल्कि महिलाओं को जागरूक करने का एक माध्यम है। पूरे देश की लड़कियों को फिल्म देखने का आह्वान करते हुए कहा कि फिल्म देखकर समाज जागृत हुआ है। मौके पर थियेटर संचालक अशोक कुमार सहित रजनी गर्ग, यशोदा भारद्वाज आदि विद्यालय की शिक्षिकाएं मुख्य रूप से मौजूद रहीं।

### नगरपालिका की बोर्ड बैठक में हुई विकास कार्यों को लेकर चर्चा

ऋषिकेश। नगरपालिका मुनिकीरेती की बोर्ड की बैठक में नगर क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान जी-20 सम्मेलन को लेकर निर्माणाधीन कार्यों के शीघ्र पूरा करने के निर्देश अध्यक्ष रोशन रतूड़ी ने दिए। सुमन पार्क में श्रीदेव सुमन की मूर्ति स्थापित करने के प्रस्ताव को भी हरी झंडी मिली। गुरुवार को पालिका सभागार में अध्यक्ष रोशन रतूड़ी की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक हुई। इसमें सभासदों ने विकास कार्यों को लेकर मंथन किया। ढालवाला में शिव दुर्गा मंदिर सौंदर्यीकरण के प्रस्ताव को पास किया गया। डीएम को नगरपालिका की संपत्ति हस्तांतरण पत्र भेजने पर भी मुहर लगी। इसके अलावा नामांतरण से जुड़े मुद्दों पर भी बोर्ड में चर्चा हुई। अध्यक्ष रोशन रतूड़ी ने बताया कि कुछ दिन बाद दुनिया के शक्तिशाली देशों के मेहमान मुनिकीरेती पहुंचेंगे। उनके स्वागत के लिए हर रूट को सजाया गया है।

# गोर्खाली महिला हरतालिका तीज उत्सव समिति के पदाधि-कारियों कोमंत्री गणेश जोशी 01.50 लाख का चेक सौंपा



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 19 मई। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा की गई घोषणा के अंतर्गत गोर्खाली महिला हरतालिका तीज उत्सव समिति के अध्यक्ष कमला थापा और उनके साथ उपस्थित पदा-धिकारियों को एक लाख पचास हजार रुपए का चेक सौंपा। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि गोर्खाली महिला हरतालिका तीज उत्सव समिति द्वारा समय-समय पर सामाजिक कार्यक्रमों में भागीदारी रहती है। मंत्री ने समिति के सभी पदाधिकारियों को बधाई भी दी।इस अवसर पर अध्यक्ष कमला थापा, संयोजक उपासना थापा, बीजेपी मण्डल अध्यक्ष ज्योति कोटिया, सुनीता क्षेत्री, प्रभा शाह आदि उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड के 13.75 लाख परिवारों को चीनी और नमक पर मिलेगी सब्सिडी, धामी सरकार





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 19 मई : उत्तराखंड में धामी सरकार लोगों को चीनी और 1 किलो नमक पर 50 फीसदी सब्सिडी देगी। इसके लिए उत्तराखंड सरकार की ओर से पूरी तैयारियां की जा रही हैं और केंद्र सरकार की ओर से बजट मिलने पर यह सुविधा शुरू हो जाएगी। दरअसल उत्तराखंड में फ्री राशन को लेकर सरकार प्लान कर रही है और उत्तराखंड के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़े तकरीबन 13.75 लाख परिवारों को 2 किलो चीनी और 1 किलो नमक 50 फीसदी सब्सिडी के साथ दिया जाएगा। खाद्य मंत्री रेखा आर्य ने विभागीय समीक्षा करते हुए अधिकारियों को इस योजना को कैबिनेट नोट तैयार करने के निर्देश दे दिए हैं।

बैठक के बाद रेखा आर्य ने कहा है कि उत्तराखंड के सभी गरीब और जरूरतमंद परिवारों को भोजन उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार यह पहल कर रही है। केंद्र ने एनएसएस के तहत मिलने वाले प्रति यूनिट 5 किलो अनाज मुक्त कर दिया है और राज्य सरकार भी अब चीनी और नमक को सब्सिडी के साथ देगी। प्रदेश के सभी जरूरतमंद व्यक्तियों को बुनियादी आवश्यकता मुहैया कराने का सरकार पूरा प्रयास कर रही है और उसके तहत पहले सरकार 2 लोगों को मुफ्त सिलेंडर दिए और अब चीनी और नमक में भी सरकार लोगों को सब्सिडी देगी आगे भी लगातार अन्य बुनियादी जरूरतों को कम मूल्यों पर जनता तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

# उत्तराखंड : तैयार हो रहा है ऐतिहासिक ऋषिकेश-बदरीनाथ पैदल ट्रैक





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 19 मई : ट्रैकिंग के शौकीनों के लिए एक अच्छी खबर है। उत्तराखंड आने वाले पर्यटक जल्द ही ऋषिकेश-बदरीनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर ट्रैकिंग का लुत्फ उठा सकेंगे। यह ट्रैक 16 किमी लंबा है। इन दिनों 8 लाख की लागत से ट्रैक की मरम्मत का काम चल रहा है। लगभग 70 फीसदी काम पूरा हो चुका है। एक वक्त था जब इस पैदल मार्ग पर खूब चहल-पहल दिखती थी। साधु-संत ऋषिकेश से पैदल चलकर बद्रीनाथ-केदारनाथ की यात्रा करते थे, लेकिन करीब 25 साल पहले इस मार्ग पर पैदल आवाजाही लगभग बंद हो गई। डीएम पौड़ी डॉ. आशीष चौहान की पहल पर अब इसे ट्रैकिंग रूट के तौर पर विकसित किया जा रहा है। इस ट्रैकिंग रूट के तहत पहाड़ पर रास्ता बनाया गया है। जिस पर कई डॉक्यूमेंट्री भी बन चुकी हैं। एक वाटर फॉल भी यहां पर है। 16 किलोमीटर पैदल ट्रैक में से करीब 12 किलोमीटर ट्रैक तैयार हो गया है। ट्रैकिंग रूट में सिमालू, रामपाठी वाटर फॉल, महादेव चट्टी, विजयपुर (बलोगी) ढांगूगढ़, बंदरचट्टी और नांद गांव जैसी जगहें शामिल हैं। ट्रैकिंग रूट तक पहुंचने के लिए ऋषिकेश की ओर से नौडखाल तक टैक्सी से आना होगा, जबकि देवप्रयाग से सिमालू तक ट्रैक्सी से पहुंचना होगा, यहां से पैदल यात्रा शुरू होगी। बता दें कि डीएम पौड़ी डॉ. आशीष चौहान ने रूट को ट्रैकिंग के लिए विकसित करने के उद्देश्य से 24 मार्च को निरीक्षण किया था। इस ट्रैकिंग रूट के बनने से प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर विकसित होंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### घर में घुसकर दुराचार, मारपीट व पोक्सो एक्ट में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

विकासनगर। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक महिला ने पिछले तीन वर्षों से अपनी नाबालिग बेटी के साथ लगातार दुराचार करने का एक व्यक्ति पर आरोप लगाया है। यही नहीं महिला ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उसके घर में घुसकर उसकी बेटी व उसके साथ मारपीट की व उनकी लज्जा भंग की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो, घर में घुसकर दुराचार सहित विभिन्न आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया है। आरोपी की तलाश में पुलिस उसके ठिकानों पर दबिश दे रही है। बुधवार को कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर महिला ने बताया कि आरोपी शाहबाज पुत्र सलीम निवासी 148 डांडा जीवनगढ़ विकासनगर पिछले तीन वर्ष से उसकी नाबालिग बेटी से दुराचार करता आ रहा है। बताया कि बीते दिन आरोपी ने उसके घर में घुसकर उसकी बेटी व उसके साथ मारपीट की। गाली गलौज देकर जान से मारने की धमकी दी। यही नहीं आरोपी ने उसके व उसकी बेटी के साथ लज्जाभंग करने का भी काम किया है। एसएसआई भुवन चंद्र पुजारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के बाद गिरफ्तारी के लिए उसके ठिकानों पर दबिश दी जा रही हैं। बताया कि आरोपी घर से फरार चल रहा है। बतायाकि आरोपी की लोकेशन ट्रेस की जा रही है। दावा किया कि जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### पवासी महासू के जयकारे से गूंजी टोंस घाटी

विकासनगर। ठडियार मंदिर से पवासी महासू महाराज गुरुवार को जौनसार बावर और हिमाचल प्रदेश के भ्रमण पर निकले। देव पालकी के गर्भगृह से बाहर निकलते ही पूरी टौंस घाटी चार महासू की जय-जयकार से गूंजने लगी। ठडियार मंदिर में सुबह से ही देव दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, जबकि टौंस के इस पार हनोल मंदिर में श्रद्धालु देव पालकी का इंतजार करते रहे। दोपहर पवासी महाराज की पालकी हनोल मंदिर पहुंची। जहां बोठा महासू महाराज से मिलन हुआ। देव कारिंदों और मंदिर समिति के सदस्यों ने देव पालकी का परंपरागत और धार्मिक रीति रिवाजों से स्वागत किया। इस दौरान जौनसार बावर, बंगाण, फतेह पर्वत क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु देव दर्शन को पहुंचे। हनोल में बोठा महासू से मिलन के बाद पवासी महाराज तीसरे भाई बासिक महासू से मिलने मैंद्रथ मंदिर के लिए प्रस्थान किया। दोपहर बाद देव पालकी मैंद्रथ पहुंची, जहां ग्रामीणों ने देवता का भव्य स्वागत किया। इसके बाद खड़ी धाम के लिए देवता ने तलवाड़ गांव के चतर सिंह रावत के आवास में प्रवेश किया। यहां दोपहर से ही सैकड़ों ग्रामीण देव दर्शनों के लिए पहुंच गए थे। पूजा अर्चना के बाद पवासी महासू महाराज त्यूणी, मझोग, कठंग, आराकोट, सरन, इशाड़ी, टिकोची, बरनाली होते हुए चीवा गांव में पहुंची। यहां देव पालकी 24 मई तक प्रवास पर रहेगी। देव पालकी के साथ यात्रा में बजीर पांशी बिल जयपाल सिंह पंवार, स्याणा गुलाब सिंह, स्याणा मोहर सिंह, उपेंद्र चौहान, संजू मोहंडा, धर्म सिंह, देव माली अनिल चौहान, विनोद रावत, मनू रावत, रघुवीर, राहुल रावत, कुलदीप बंगाणी आदि शामिल रहे।

### चकराता में छाई कोहरे की चादर

विकासनगर। बीते बुधवार रात बदले मौसम के बाद गुरुवार सुबह चकराता क्षेत्र में जोरदार बारिश हुई। बारिश के चलते मई माह में भी लोगो को सर्दी का एहसास हुआ। सुबह के समय लोगों को गरम कपड़े पहनने के साथ ही घरों के अंदर कैद होकर रहना पड़ा। दोपहर बाद मौसम खुलने पर लोगों को राहत मिली। बुधवार आधी रात बाद चकराता में मौसम ने एकाएक करवट बदली और तडक़े चार बजे तेज तूफान के साथ जोरदार बारिश होने लगी। सुबह आठ बजे झमाझम बारिश हुई। सुबह-सुबह हुई बारिश के बाद जब लोगों की नींद खुली तो चारों ओर कोहरा छाया देख लोग हैरान रह गए। इस वर्ष मई माह में भी मौसम का यह मिजाज देख लोग हैरान हैं।

# उत्तराखंड : हाथी का वीडियो बना रही थी लड़की, हाथी ने तोड़ दी स्कूटी ?






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 19 मई : डोईवाला में हाथी का वीडियो बना रही युवती की जान खतरे में पड़ गई। युवती हाथी का वीडियो बना रही थी। तभी लोग हाथी पर पत्थर फेंकने लगे। इससे गजराज का गुस्सा सातवें आसमान पर जा पहुंचा और वो युवती के पीछे दौड़ने लगे। डरी हुई लड़की अपनी स्कूटी वहीं छोड़कर भाग गई, जिसे हाथी ने क्षतिग्रस्त कर दिया। बाद में वन विभाग ने आतिशबाजी कर किसी तरह हाथी को वहां से खदेड़ा। काफी देर तक रोड पर चहलकदमी करने के बाद हाथी जंगल की ओर चला गया। घटना सत्ता वाला इलाके की है। जहां हाथी के आबादी वाले इलाके में पहुंचने से हड़कंप मच गया।

बीते दिन सुबह आठ बजे सत्तीवाला के एक मार्ग में लोग आवाजाही कर रहे थे, तभी एक हाथी वहां पहुंच गया। हाथी को देखकर लोग रुक गए और वीडियो बनाने लगे। कुछ लोगों ने हाथी पर पत्थर भी मारे, ताकि वो जंगल में चला जाए। इससे हाथी नाराज हो गया और लोगों के पीछे दौड़ लगा दी। इस दौरान एक स्कूटी सवार युवती भी हाथी का वीडियो बना रही थी, जिसे हाथी ने दौड़ा दिया। युवती स्कूटी छोड़कर भाग गई तो हाथी ने स्कूटी को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसके बाद हाथी जंगल की ओर निकल गया।

# गर्मी में थकान के साथ मेमोरी लॉस, जान पर भी है खतरा



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 19 मई : अगर तेज धूप में झुलसने या पसीना निकलने और उल्टी दस्त से थकान और भूलने के लक्षण उभरें तो सावधान। शुगर एवं थायराइड के मरीजों में इसके सामान्य लक्षण समझने से जान पर खतरा है। शरीर में सोडियम व पोटैशियम की कमी से मरीज कोमा में जा सकता है। चिकित्सकों ने घर में जीवन रक्षक घोल रखने के लिए आगाह किया है।मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर डा. तुंग वीर सिंह आर्य का कहना है कि गर्मी में उल्टी दस्त, डायरिया, पीलिया, टाइफाइड की बीमारियां उभरने लगी हैं। तापमान 40 डिग्री पार करने के साथ ही मेडिकल ओपीडी में ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ी है, जिनके शरीर में इलेक्ट्रो-लाइट बैलेंस बिगड़ा है। बताया कि हाइपो थायराइड के मरीज ज्यादातर थके और मानसिक बीमार लगते हैं। उनके शरीर में इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस बिगड़ने से कोई अन्य लक्षण नहीं उभरता। कई मरीजों की जान चली गई। जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं अर्बन केंद्रों पर बड़ी मात्रा में ओआरएस घोल की खपत हुई है। जिम के क्लबों में कई युवक शरीर से पानी निकालने वाली गोली खाकर वार्मअप करते हैं। सीरम इलेक्ट्राइट की जांच में पता चला कि कई बार पसीना ज्यादा निकलने से युवाओं को 'हाइपोनैट्रीनिया' हो गया।फिजीशियन डा. एसपी सोंधी कहते हैं कि नमक ज्यादा खाने से रक्तचाप, स्ट्रोक व ह्रदय रोग व हड्डियां कमजोर होने का खतरा है। किंतु यह कम हो जाए तो जान तक चली जाती है। सोडियम शरीर में पानी की मात्र नियंत्रित करता है। दिमाग से सूचनाओं को अंग अंगों तक पहुंचाता है। इसकी कमी से मांसपेशियां भी नाकाम हो जाती हैं। चिड़चिड़ापन, आंख से न दिखना, मतिभ्रम और बेहोशी खतरनाक लक्षण हैं। पोटेशियम दो फीसद रक्त में व 98 फीसद कोशिकाओं में होता है, कमी से हार्ट ब्लाक होने का खतरा है।तेज धूप में पसीना निकले तो नमक का सेवन करते रहें। रक्त में सोडियम की मात्र 135-140 मिली मालीक्यूल होनी चाहिए, जो 115 पहुंचने पर मरीज कोमा में जा सकता है। बुजुर्ग व शुगर, थायराइड और क्षय रोग के मरीज ज्यादा सावधानी बरतें।विशेष रूप से दोपहर 12 से तीन बजे तक तेज धूप में जाने एवं कड़ी मेहनत से भी बचें। बच्चों एवं पालतू जानवरों को कभी बंद वाहन में अकेला न छोड़ें। जहां तक संभव हो घर में ही रहें सूर्य के संपर्क से बचें। सूर्य के ताप से बचने के लिए जहां तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर ही रहें। जानवरों को छाया में बांधे और उन्हें पर्याप्त पानी पिलाएं। लू से प्रभावित व्यक्ति को छाया में लिटाकर सूती गीले कपड़े से पोछें अथवा नहलाएं। साथ ही चिकित्सक से संपर्क करें। लू लगने के लक्षण पहचानें। यदि कमजोरी लगे, सिर दर्द हो, उल्टी महसूस हो, तेज पसीना हो, चक्कर आएं तो चिकित्सक से तुरंत संपर्क करें। बीमार और गर्भवती महिला कामगारों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### बंदरों के आतंक से परेशान लोगों ने किया नगर आयुक्त का घेराव

ऋषिकेश। पॉश इलाके प्रगति विहार में जी का जंजाल बने उत्पाती बंदरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए कॉलोनीवासियों ने नगर आयुक्त का घेराव किया। बताया कि बंदर घरों से सामान उठाकर ले जा रहे हैं। भगाने पर काटने के लिए आते हैं। चेताया कि मामले में जल्द प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो लोग निगम प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। गुरुवार को पार्षद राकेश सिंह मियां के नेतृत्व में प्रगति विहार की महिलाएं नगर निगम पहुंचीं। यहां प्रगति विहार में पिछले काफी समय से आतंक का पर्याय बने बंदरों से छुटकारा दिलवाने के लिए नगर आयुक्त का घेराव कर उन्हें समस्या से अवगत कराया। आक्रोशित महिलाओं ने कहा कि प्रगति विहार और उसके आसपास के क्षेत्र की जनता बंदरों के आतंक से बहुत परेशान है। लेकिन, नगर निगम प्रशासन उत्पाती बंदरों को पकड़ने के लिए कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। बताया कि निगम क्षेत्र में बंदरों को पकड़ने के लिए पूर्व में बोर्ड बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ था। अभी तक कार्रवाई नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। नगर निगम की उदासीनता जनता पर भारी पड़ रही है। बंदर लोगों पर हमला कर घरों से सामान उठाकर ले जा रहे हैं। क्षेत्र की कई महिलाओं को बंदर काट चुके हैं। इस स्थिति में नगर निगम प्रशासन ने बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की कार्रवाई नहीं की तो नगर निगम कार्यालय में तालाबंदी कर धरने पर बैठने के लिए बाध्य होंगे। नगर आयुक्त राहुल कुमार गोयल ने उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया। मौके पर इंदिरा कुकरेती, चंद्रमा भट्ट, उषा भंडारी, शशि सेमवाल, प्रमिला थपलियाल, रीता कंडारी, बीना मियां, सुंदरी कैंतूरा, विजया, सविता, शानू, अर्चना, सीमा आदि मौजूद रहे।

### सामान्य और दिव्यांग बच्चों ने दिखाया दमखम

ऋषिकेश। जौलीग्रांट स्थित द होराइजन स्कूल स्पेशल ओलंपिक भारत उत्तराखंड अभियान के तहत यूनिफाइड खेल कार्यक्रम आयोजित हुआ। विद्यालय प्रबंधक कैप्टन एके शर्मा और विशेष ओलंपिक भारत के एरिया निर्देशक डीबीपीएस रावत ने मशाल जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान सामान्य और दिव्यांग बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में दमखम दिखाया। कार्यक्रम में प्रबंधक एके शर्मा ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों के खेल कौशल को विकसित करने में मदद करना है। समान क्षमता वाले बच्चों के बीच प्रतिस्पर्धा कौशल का परीक्षण कर प्रगति को मापती है। प्रतियोगिता में सामान्य और दिव्यांग बच्चों के बीच फुटबाल और बोची खेल के साथ बैडमिंटन का भी मैच खेला गया। डीबीपीएस रावत ने प्रतियोगिता में शामिल बच्चों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित भी किया। मौके पर प्रधानाचार्य नम्रता शर्मा, शशि राणा, प्रोग्राम मैनेजर अंकुर अग्रवाल, विजय लक्ष्मी, हरेंद्र असवान, राजेंद्र प्रसाद पांडे, प्रीति चौहान, रिचा शर्मा, राज सिंह,मधु यादव, तरूणा नेगी, शिवांगी नेगी, सविता,मुक्ति, कल्पना, संदीप मेहता, विकास गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### वरिष्ठ नागरिकों हेतु वर्कप्लेस वेलनेस कार्यक्रम आयोजित किया

ऋषिकेश। एम्स ऋषिकेश के आउटरीच सेल ने वरिष्ठ नागरिक कल्याण संगठन के सहयोग से ऋषिकेश शहर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए वर्कप्लेस वेलनेस कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें बताया गया कि अपनी दिनचर्या, खानपान, रहन-सहन में थोड़े से परिवर्तन करने से ही हम बीमारियों से बच सकते हैं। गुरुवार को ऋषिकेश की कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर मीनू सिंह के मार्गदर्शन में एम्स ऋषिकेश की आउटरीच सेल ने वर्कप्लेस वेलनेस कार्यक्रम का आयोजन किया। आउटरीच सेल के नोडल अधिकारी एवं वेलनेस एक्सपर्ट डॉक्टर संतोष कुमार ने बताया कि कार्यक्रम की थीम स्वस्थ शरीर से स्वस्थ मन की यात्रा हैं। यह आयोजन युवाओं, कम्युनिटी मेम्बर एवं विभिन्न संस्थानों के कर्मचारियों के लिए आयोजित किया जाता है। ऐसे कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से स्वस्थ शरीर से स्वस्थ मन तक के बारे में जनसामान्य को जागरूक कर इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करने की विधि व तौर-तरीकों से रूबरू कराना है। डॉ. संतोष ने कहा कि भागदौड़ भरी जिंदगी में प्रत्येक व्यक्ति का सबसे बड़ा शत्रु उसका दूषित मन एवं खान-पान है।

# छोटे बच्चों में होने वाला खतरनाक कैंसर है रेटिनोब्लास्टोमा, ये हैं इसके लक्षण ?



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 19 मई : आंख के कैंसर के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए, हर साल मई के दूसरे सप्ताह में विश्व रेटिनो-ब्लास्टोमा जागरूकता सप्ताह मनाया जाता है। तो इस साल 14 मई से 20 मई तक रेटिनोब्लास्टोमा अवेयरनेस वीक मनाया जा रहा है। इस बारे में जानकारी होना जरूरी है कि 5 साल से कम उम्र के बच्चों में व्हाइट रिफ्लेक्स होना कैंसर का संकेत हो सकता है। अगर इसका पता जल्द लगाया जाए तो ऐसे बच्चे जिन्दा रह सकेंगे। रेटिनोब्लास्टोमा 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में बचपन में होने वाला सबसे नॉर्मल आई कैंसर है।

इससे एक या दोनों आंखों पर असर पड़ सकता है। 20-30% मामले वंशानुगत होते हैं जिसका मतलब है कि यह एक पीढ़ी को दूसरी पीढ़ी से विरासत में मिलता है और बाकी मामले छिटपुट प्रकृति के होते हैं। पूरी दुनिया में हर साल 4000-5000 इसके नए मामले सामने आते हैं जिनमें से 1500-2000 मामले भारत से होते हैं इसलिए जरूरी हो जाता है कि इस कैंसर के बारे में और उसके उपचार को जानना।ल्यूकेमिया या हड्डी के कैंसर जैसे बचपन में होने वाले अन्य प्रकार के ट्यूमर्स की तुलना में अगर इस कैंसर का पता जल्द लग जाए और शरीर के अन्य हिस्सों में फैलने से पहले इसका इलाज हो जाए तो इससे इसका उपचार संभव है। लेकिन जागरूकता की कमी, निदान और उपचार में देरी की वजह से यह गंभीर होता जाता है। इसलिए इस कैंसर के शुरुआती लक्षणों और संकेतों के बारे में माता-पिता, दादा-दादी समेत स्वास्थ्य कर्मचारियों में भी जागरूकता फैलाना जरूरी है। लक्षणों को पहचानते हुए उचित इलाज से इसे गंभीर होने से काफी हद तक रोका जा सकता है और बच्चे की आंखों और जीवन को बचाया जा सकता हैइन लक्षणों पर दें ध्यानचूंकि रेटिनोब्लास्टोमा ज्यादातर बच्चों में होता है इसलिए इसके लक्षण स्पष्ट नज़र नहीं आते हैं और शुरुआत में तो बिल्कुल ही पता नहीं चलते। इसके लक्षणों में कम नज़र आना, आंखों में लाल पड़ना, आंखों में दर्द, सूजन और कभी-कभी नेत्रगोलक का बाहर की ओर निकलना (प्रॉपटोसिस) भी शामिल हो सकता है।

# उत्तराखंड : छुट्टियों में Chill करने की बिनसर है बेहतरीन जगह ?





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 19 मई : गढ़वाली भाषा में बिनसर का मतलब नव प्रभात या नई सुबह होता है। अल्मोड़ा से मात्र 33 किमी दूर बिनसर एक बेहद शांत और खूबसूरत जगह है। देवदार के जंगलों से घिरा बिनसर समुद्र तल से करीब 2,200 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। बिनसर ऐसे ट्रैवलर्स के लिए बिल्कुल सही जगह है जो अपना वीकेंड किसी शांत और खूबसूरत जाकर बिताना चाहते हैं। वैसे अगर आपको अभी भी वर्क फ्रॉम होम चल रहा है, तो ये जगह उस हिसाब से भी बेस्ट है। बिनसर में एक ऐसी जगह है जहां से हिमालय की चोटियां केदारनाथ, चौखंबा, नंदा देवी, पंचोली और त्रिशूल दिखाई देती हैं। तो सोचना क्या इस वीकेंड बिनसर जाने का बना सकते हैं प्लान।

बिनसर एक वन्यजीव अभ्यारण्य है, जो लगभग 49.59 वर्ग किमी. में फैला हुआ है। जंगल में इतनी शांति होती है कि आप इसमें तरह-तरह के पक्षियों की चहचहाहट सुन सकते हैं। इस सेंक्चुअरी में तेंदुआ, गोरा, जंगली बिल्ली, भालू, लोमड़ी, बार्किंग हिरण और कस्तूरी हिरण जैसे और भी कई पशु-पक्षी देखे जा सकते हैं। वैसे इस जंगल में आपको उत्तराखंड का नेशनल बर्ड मोनाल भी मिल सकता है।देहरादून से बिनसर की दूरी 370 किमी है और नैनीताल से 95 किमी। बिनसर से सबसे नज़दीकी रेलवे स्टेशन, काठगोदाम है। काठगोदाम से बिनसर की दूरी 105 कि.मी. है। काठगोदाम से पहले सरकारी बस या टैक्सी लेकर अल्मोड़ा जाना होता है। वहां से बिनसर जाने की टैक्सी मिल जाती है। अल्मोड़ा से बिनसर की दूरी 35 कि.मी. है।

## कानून के प्रति जागरूक करेंगी पुलिस स्टेशन की दीवारें

ऋषिकेश। स्वर्गाश्रम में लक्ष्मणझूला पुलिस स्टेशन की दीवारें अब लोगों को कानून के प्रति जागरूक करेंगी। यह दीवारें ऐपण चित्रकला के जरिए लोक परंपरा से भी सैलानियों को रूबरू कराएंगी। एसएसपी पौड़ी के निर्देश पर पुलिस स्टेशन की दीवारों पर चित्रकारी के साथ आवश्यक जानकारियां अंकित की हैं। दरअसल, जी-20 शिखर सम्मेलन के तहत मुनिकीरेती से लेकर स्वर्गाश्रम क्षेत्र का कायाकल्प जारी है। कहीं, सडक़ों और झूला पुलों को जगमग करने के लिए आधुनिक और आकर्षक लाइटें लगाई गई हैं, कहीं गंगाघाटों को निखारा जा रहा है। सडक़ों का चकाचक किया जा रहा है। मेहमानों के हर रूट को चार-चांद लगाने में सरकार का हर महकमा जी-जान से जुटा नजर आ रहा है। अब पौड़ी पुलिस ने भी मेहमानों के आगमन के मद्देनजर पुलिस स्टेशन की सूरत बदलने की कवायद शुरू कर दी है। ऐपण चित्रकला के जरिए प्रदेश की लोक परंपरा को दीवारों पर उकेरा जा रहा है। एसएसपी श्वेता चौबे ने बताया कि स्वर्गाश्रम क्षेत्र में आध्यात्म और सैर-सपाटे के लिए आने वाले सैलानियों को सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए भी दीवारों पर आवश्यक जानकारियां अंकित की गई हैं। पुलिस स्टेशन की दीवारों पर साइबर धोखाधड़ी से बचाव, महिला संबंधी अपराध, गौरा शक्ति एप और यातायात नियमों के जानकारी और अधिकारों के प्रति जागरूकता से जुड़ी जानकारियों को अंकित किया गया है।

## जीएम ने किया योगनगरी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण, गंदगी देख हुए नाराज

ऋषिकेश। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने गुरुवार को योगनगरी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इंतजामों का फीडबैक लेते हुए रेलवे ट्रैक पर फैली गंदगी देखकर जीएम भडक़ गए। उन्होंने आरवीएनएल कार्यालय में ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना की प्रगति का भी हाल जाना। गुरुवार शाम करीब चार बजे स्टेशन पर निरीक्षण को पहुंचे जीएम शोभन चौधुरी के समक्ष कर्मचारियों के आवास की समस्या भी उठाई गई। उन्हें पेयजल के भी मुकम्मल इंतजाम नहीं होने से अवगत कराया गया, इस पर उन्हें जल्द कार्रवाई का भरोसा दिलाया। बताया कि रेलवे प्रशासन व्यवस्थाओं की बेहतरी के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में योगनगरी रेलवे स्टेशन का भी दौरा किया गया। स्टेशन और ट्रेनों से जुड़े इंतजामों को और ज्यादा बेहतर करने के लिए अधीनस्थ अधिकारियों से सुझाव भी लिए। रेलवे विकास निगम लिमिटेड कार्यालय में ऋषिकेश-कर्णप्रयाग निर्माणाधीन रेल परियोजनाओं की मौजूदा स्थिति को जाना। निगम के अधिकारियों को रेलवे से हर संभव सहयोग उपलब्ध कराने को भरोसा भी दिलाया।

# उत्तरकाशी : जंगल में घास लेने गई महिला, गुलदार ने बनाया निवाला

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





उत्तरकाशी 19 मई : उत्तराखंड में जंगली जानवरों के आतंक के चलते लोग घरों में कैद होने को मजबूर हैं। कुछ दिन पहले देहरादून के सहसपुर में गुलदार ने एक 4 साल के बच्चे को मार दिया था। अब एक ऐसी ही घटना उत्तरकाशी में हुई है। जहां जंगल में घास लेने गई महिला को गुलदार ने अपना निवाला बना लिया। इस घटना के बाद लोग डरे हुए हैं। महिलाओं ने जंगल जाना बंद कर दिया है। उत्तरकाशी के चिन्यालीसौड़ में ग्राम पंचायत बड़ीमणि में रहने वाली एक महिला घास काटने के लिए पास के जंगल गई हुई थी। तभी गुलदार ने हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना जिला आपदा परिचालन केंद्र को दी गई। जिसके बाद जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला ने राजस्व विभाग व वन विभाग की टीम को मौके पर रवाना होने के निर्देश दिए।

जिस जगह ये घटना हुई, वो जनपद मुख्यालय से करीब 70 किलोमीटर दूर स्थित है। जानकारी के अनुसार गांव में रहने वाली 32 वर्षीय सुनीता देवी मवेशियों के लिए चारा लेने पास के जंगल में गई हुई थी। तभी गुलदार ने उन पर हमला कर उन्हें मार डाला। देर शाम तक सुनीता देवी घर नहीं लौटी तो उनकी खोजबीन शुरू हुई। इस बीच महिला की लाश जंगल में पड़ी मिली। राजस्व विभाग व वन विभाग की टीम ने महिला के शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। डीएम ने विभाग को प्रभावित परिवार को तत्काल मुआवजा राशि देने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इस घटना के बाद आस-पास के गांवों में डर का माहौल है।

# देहरादून पुलिस के जवान की लगी बंपर लॉटरी, ड्रीम 11 पर जीते 1 करोड़




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 19 मई : ड्रीम इलेवन जैसे ऑनलाइन गेमिंग ऐप लोगों को लखपति-करोड़पति बना रहे हैं। अब तक उत्तराखंड के कई लोग फैंटेसी टीम बनाकर लाखों-करोड़ों की रकम जीत चुके हैं। इस बार उत्तराखंड के मनोज कोली की किस्मत चमकी है।

उन्होंने ड्रीम इलेवन में फैंटेसी टीम बनाकर डेढ़ करोड़ की रकम जीती है। कुछ दिन पहले पौड़ी के एक गरीब परिवार का बेटा दीपक कुमार भी ड्रीम इलेवन पर टीम बनाकर करोड़पति बना था। उत्तराखंड के मनोज कोली के लिए अच्छी खबर आई। उन्होंने बीते दिन चेन्नई सुपर किंग्स एवं कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच हुए आईपीएल मैच में अपनी फैंटेसी टीम बनाई थी। उनकी टीम को नंबर वन रैंक हासिल हुई और इस तरह मनोज डेढ़ करोड़ की धनराशि जीतने में सफल रहे।

बीते दिन सुबह उनके खाते में ईनाम की धनराशि आई तो मनोज और उनके परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। तीस परसेंट टैक्स काटने के बाद शेष धनराशि उनके खाते में जमा करा दी गई है। मनोज की इस सफलता से उनके घर में खुशी का माहौल है। मनोज कोली उत्तराखंड पुलिस में जॉब करते हैं, फिलहाल वो देहरादून में पोस्टेड हैं। मनोज बताते हैं कि वो साल 2019 से अपनी किस्मत आजमा रहे थे, लेकिन सफलता अब मिली है। मनोज से पहले उत्तराखंड पुलिस के जवान कैलाश रावत भी ड्रीम इलेवन पर टीम बनाकर एक करोड़ की धनराशि जीत चुके हैं।

# 18वां गवर्नस कप गोल्फ टूर्नामेंट 19 से 21 मई तक होगा आयोजित : राज्यपाल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




नैनीताल। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) ने गुरूवार को राजभवन गोल्फ कोर्स में आयोजित कर्टेन रेजर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि 18वां गवर्नस कप गोल्फ टूर्नामेंट 19 से 21 मई तक आयोजित होगा। इस टूर्नामेंट में देश के विभिन्न क्षेत्रों से 125 गोल्फ प्रतिभाग कर रहे हैं।

राज्यपाल ने कहा कि नैनीताल में पर्यटन को बढावा देने व महिला, युवाओं व आमजन की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित किया जाना ही टूर्नामेंट का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से नैनीताल सहित समूचे उत्तराखण्ड के पर्यटन को बढ़ावा मिलता है। राजभवन गोल्फ कोर्स का नैसर्गिक सौन्दर्य गोल्फरों की पसंदीदा जगह है। देश के विभिन्न भागों से यहां आने वाले खिलाड़ी गोल्फ खेलने के साथ ही उत्तराखण्ड की नैसर्गिक सुंदरता, यहां के पर्यटन स्थलों का अप्रत्यक्ष रूप से प्रचार-प्रसार भी करते हैं।

राज्यपाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन खेलो इंडिया की मुहिम को आगे बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि खेल हर एक व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है। विभिन्न चुनौतियों के कारण विगत तीन वर्षों से गोल्फ टूर्नामेंट का आयोजन नहीं हो सका था। इस वर्ष टूर्नामेंट को लेकर सभी प्रतिभागियों में खासा उत्साह है। उन्होंने कहा कि गोल्फ से स्कूली बच्चों को भी खेलों से जोडऩे के प्रयास किये गए हैं। विगत दिनों ही इंटर स्कूल गवर्नर गोल्फ कप का आयोजन किया गया, जिसमें कई स्कूलों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया, जिसमें बेटियों का भी अच्छा प्रतिनिधित्व रहा। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में उत्तराखण्ड से राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी यहां का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्यपाल ने कहा कि इस वर्ष के गोल्फ टूर्नामेन्ट का रोचक पहलू है कि 06 वर्ष के बच्चे और 75 वर्ष तक के सुपर वेटरन प्रतियोगिता का हिस्सा बन रहे हैं। जो इस गोल्फ के प्रति उनके लगाव को दर्शाता है। राज्यपाल ने इस दौरान टूर्नामेंट में प्रतिभाग कर रहे 06 वर्ष के दो गोल्फर विजेन्द्र प्रताप सिंह तोमर और रूसांक सिजवाली से मिलकर उनका उत्साहवर्धन भी किया।

राजभवन गोल्फ क्लब के कैप्टन कर्नल हरीश शाह ने बताया कि यह प्रतियोगिता तीन दिन तक चलेगी। टूर्नामेंट में कुल 125 गोल्फर विभिन्न वर्गों में खेलेंगे जिनमें सुपर वेटरन, वेटरन, जनरल, लेडिज और जूनियर गोल्फर केटेगरी शामिल हैं। दिनांक 19 मई को प्रातः 8:30 बजे राज्यपाल द्वारा टी ऑफ कर खेल का शुभारम्भ किया जायेगा। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, आईजी कुमाऊं मंडल डॉ निलेश आनंद भरणे, जिलाधिकारी धीराज सिंह गब्र्याल, एसएसपी पंकज भट्ट, परिसहाय राज्यपाल मेजर तरुण कुमार, अमित श्रीवास्तव, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# 'कर्जमुक्त भारत' अभियान

राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर 24 मई को ऐसा अनशन, धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी मांगें राजनीतिक, धार्मिक, किसानी, यौन-शोषण, आदिवासियों के अधिकारों से जुड़ी हुई नहीं हैं। यह सामाजिक, आर्थिक और देश को कर्जमुक्त करने का अभियान है। सरकारें और राजनीतिक दल कर्जमाफी को जुमले के तौर पर इस्तेमाल करते रहे हैं। सिर्फ किसानों के कर्ज माफ करने के वायदे, बार-बार, किए जाते रहे हैं और कर्ज माफ भी किए गए हैं, लेकिन यह आयाम अनदेखा और उपेक्षित रहा है कि कर्ज के कारण लोग आत्महत्याएं कर रहे हैं। बीते वर्ष 2022 में ही 20,000 से अधिक कर्जदार लोगों ने आत्महत्याएं कीं। 'धार्मिक एकता ट्रस्ट' के प्रतिनिधियों ने नायाब कोशिशें की हैं। वे न केवल कर्जमुक्त होने के प्रशिक्षण दे रहे हैं, बल्कि रास्ता भी सुझा रहे हैं। इस अभियान के तहत 3 लाख भारतीय जुड़े हैं। पूरा डाटा सार्वजनिक है। वे 'कर्जमुक्त भारत' का अभियान देश भर में छेड़े हैं। बेशक जंतर-मंतर का अनशन एकदिनी और प्रतीकात्मक होगा, लेकिन वे देश के सामने कुछ तथ्य और सत्य पेश करना चाहते हैं। ट्रस्ट के प्रतिनिधि और संस्थापक शाहनवाज चौधरी दो बार प्रधानमंत्री मोदी से मिल चुके हैं। प्रधानमंत्री दफ्तर के अधिकारियों को भी अपनी बात बताई है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय में 7 मुलाकातें शीर्ष के अधिकारियों से हुई हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के सामने भी अपना पक्ष रख चुके हैं, लेकिन सरकार और अफसरशाही देश के सरोकारी और मानवतावादी नागरिकों की सलाह मानने को तैयार नहीं है। ट्रस्ट के प्रतिनिधियों का आग्रह है कि जिनकी मौत हो चुकी है या जो लोग कर्ज का भुगतान करने में असमर्थ हैं, सरकार उनका 10 लाख रुपए तक का कर्ज माफ करे अथवा 'राइट ऑफ' कर दे। तुलना अडाणी केस से की गई है। हम उसे गलत मानते हैं। उद्योगपतियों, किसानों और आम नागरिकों के कर्ज अलग-अलग किस्म के होते हैं, लिहाजा सरकार उसी संदर्भ में कर्जों को माफ करती रही है। यदि सरकारें वोट पाने की खातिर 'मुफ्त की रेवडियां' बांट सकती हैं या कर्ज माफ कर सकती हैं, तो देश के अक्षम नागरिकों की मदद करने में क्या गुरेज है? ट्रस्ट से जुड़े और पेशेवर चिकित्सक डॉ. खरबंदा से हमने बातचीत की, तो उन्होंने इसे सर्वधर्मवादी और मानवतावादी अभियान करार दिया। उनका विश्लेषण है कि इतने नागरिकों का कर्ज माफ करने से देश की अर्थव्यवस्था प्रभावित नहीं होगी।

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## मुनस्यारी विवेकानंद में छात्र संसद का चुनाव हुआ

पिथौरागढ़। नगर के विवेकानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में छात्र संसद का चुनाव हुआ। प्रधानाचार्य नवीन चंद्र शर्मा ने बताया कि बीते रोज हुए छात्र संसद चुनाव कार्यक्रम में आयुष सिंह बिष्ट को प्रधानमंची चुना गया है। अनुशासन प्रमुख के पद पर प्रियांशु जेष्ठा व पंकज मेहता को सेनापति निर्वाचित किया गया है। चुनाव कार्यक्रम प्रभारी त्रिलोक सिंह की देखरेख में संपन्न हुए।

## इलेक्ट्रॉनिक सामग्री की दुकान में आग लगने से लाखों का सामान स्वाहा

पिथौरागढ़। गंगोलीहाट विकासखंड मुख्यालय के दूरस्थ क्षेत्र ग्राम पंचायत पिलखी में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में आग लग गई। जिससे लाखों का सामान जलकर राख हो गया है। बुधवार को दिन में दुकान के स्वामी प्रकाश चन्द्र व उनका भतीजा ओम प्रकाश दिन के समय घर गए थे। अचानक उनकी दुकान से धुआं उठता देख लोगों ने उन्हें सूचना दी। वे दुकान में पहुंचे तो देखा कि अंदर दुकान में रखा सामान जलकर राख हो गया है। टीवी, फ्रिज ,मोबाइल, प्रिंटर के साथ कई इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर खाक हो जाने से वे परेशान हैं। घटना की सूचना क्षेत्रीय राजस्व उपनिरीक्षक को दी गई।

## सिनेमा लाइन क्षेत्र में बाहरी लोगों के सत्यापन की माँग की

पिथौरागढ़। नगर में बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने सिनेमा लाइन क्षेत्र में रहने वाले बाहरी लोगों के सत्यापन की मांग उठाई की है। गुरुवार को प्रांत सुरक्षा प्रमुख सोनम पांडेय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डीएम को ज्ञापन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सिनेमा लाइन में बड़ी संख्या में बाहरी लोग रहते हैं, लेकिन उनका अब तक सत्यापन नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि कई लोगों के पास फर्जी आधार कार्ड होने की भी सूचना मिली है। उन्होंने प्रशासन से ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# संक्षिप्त खबरें

## ऑपरेशन मर्यादा के तहत 172 लोगों पर की कार्रवाई

अल्मोड़ा। ऑपरेशन मर्यादा के तहत जिलेभर में पुलिस का अभियान जारी है। अभियान के तहत नियमों का उल्लंघन करने वाले 172 लोगों पर चालानी कार्रवाई की है। साथ ही 84 हजार 400 रुपये का जुर्माना वसूला है। एसएसपी रामचंद्र राजगुरु के निर्देशन पर इन दिनों जिलेभर में पुलिस का ऑपरेशन मर्यादा के तहत चेकिंग अभियान जारी है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। बीते बुधवार को पुलिस ने जिलेभर में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ऑपरेशन मर्यादा के तहत 37 और यातायात नियमों का उल्लंघन पर 135, कुल 172 लोगों पर चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही 84 हजार से अधिक का जुर्माना वसूला गया। पुलिस की इंटरसेप्टर टीम भी जगह-जगह चेकिंग अभियान चला रही है। एसएसपी ने कहा कि नियम तोडऩे वालों के खिलाफ सख्ती जारी रहेगी।

## टैक्सी यूनियन पदाधिकारियों ने एसएसपी से मुलाकात की

अल्मोड़ा। टैक्सी यूनियन पदाधिकारियों ने गुरुवार को नवनियुक्त एसएसपी रामचंद्र राजगुरु से मुलाकात की। इस दौरान टैक्सी यूनियन पदाधिकारियों ने नगर की यातायात के संबंध में पुलिस का हर संभव मदद का आश्वासन दिया। पदाधिकारियों ने एसएसपी को नगर की यातायात व्यवस्था से भी अवगत कराया। कहा कि नगर में आये दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने नगर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिये पुलिस का सहयोग की बात कही। एसएसपी से मुलाकात करने वालों में टैक्सी यूनियन अध्यक्ष शैलेंद्र तिलारा, उपाध्यक्ष गणेश बिष्ट, महासचिव नीरज पवार, सचिव अर्जुन सिंह मुस्यूनी, उपसचिव आनंद सिंह भोज, विनोद बिष्ट, बालकृष्ण जोशी, गोपाल रावत आदि मौजूद रहे।

## अब गांव-गांव योग कक्षाएं शुरू कर महिलाओं को किया जाएगा सजग

अल्मोड़ा। महिलाओं को स्वस्थ और स्वावलंबी बनाने की दिशा में रानीखेत नगर में पतंजलि योग समिति की तरफ से संचालित योग कक्षाओं में महिलाओं की बढ़ती संख्या के बाद समिति की ओर से आरोग्य सभा का आयोजन किया गया। तय किया गया कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए नई योग कक्षाएं शुरू की जाएंगी। इसके लिए विशेष प्रशिक्षण देकर योग प्रशिक्षक तैयार की जाएंगी। नगर कुम्हार मोहल्ला में पंतजिल योग समिति की योग कक्षाओं के बाद आरोग्य सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य लीला संगेला, तहसील प्रभारी सुनीता डावर और जिला महामंत्री विमला रावत ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर शुभारंभ किया। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य लीला ने कहा कि वर्तमान में संचालित चार स्थाई कक्षाएं स्वस्थ नारी, सशक्त समाज की सोच को विस्तार देने के लिए मील का पत्थर साबित होंगी। तहसील प्रभारी सुनीता ने कहा कि योग तनाव के साथ बढ़ते रोगों से छुटकारा पाने में कारगर है। महिलाओं को योग के प्रति जागरूक कर उन्हें कक्षाओं से जोड़ा जाएगा। जिला महामंत्री विमला रावत ने कहा कि योग को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए समिति की ओर से कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। इसका उद्देश्य नगरीय के साथ ग्रामीण महिलाओं को भी योग से जोडक़र उन्हें स्वास्थ्य के प्रति सजग करना है। इस मौके पर लीला संगेला के निर्देशन में कार्यकारिणी का विस्तार भी किया गया। कार्यक्रम में अनुप्रिया, बबीता, तान्या, योगिता, अनु सोनकर, शोभा देवी, मीना देवी, तबस्सुम, शोभा, मीनाक्षी, लक्ष्मी आदि मौजूद रहे।

## संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा ने किया राजकीय पीजी कॉलेज सोमेश्वर का औचक निरीक्षण

अल्मोड़ा। हुकुम सिंह बोरा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सोमेश्वर में संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा डॉ. आनंद सिंह उनियाल ने औचक निरीक्षण किया। तथा महाविद्यालय के स्टाफ के साथ बैठक की गई। उन्होंने महाविद्यालय की व्यवस्था के प्रति संतोष जताया। और पुस्तकालय का निरीक्षण भी किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ हेमा प्रसाद ने बताया कि महाविद्यालय में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (ह्र्रष्ट) द्वारा प्रत्यायन कार्य होना है । महाविद्यालय को आवश्यक सुविधाओं हेतु ?5,00,000 शासन से अवमुक्त कराने का आश्वासन संयुक्त निदेशक द्वारा दिया गया। महाविद्यालय के छात्र संघ अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कैड़ा ने स्नातक स्तर पर राजनीति विज्ञान तथा कंप्यूटर साइंस विषय की संस्तुति हेतु ज्ञापन दिया। डॉ उनियाल ने प्राध्यापकों को छात्र/ छात्रों की महाविद्यालय में नियमित उपस्थिति देने हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर डॉ जगदीश प्रसाद, डॉ सी पी वर्मा, डॉ संजू कुमार, डॉ राकेश पांडे, डॉ प्राची, डॉ आँचल, डॉ विवेक, डॉ शालिनी, डॉ पुष्पा, डॉ भावना, डॉ विपिन, डॉ अमिता, डॉ नीता, डॉ सुनीता, डॉ रजनीश कुमार, विनोद मेहरा, कुंदन सिंह बिष्ट, कविता पाटनी, पवन पांडे आदि मौजूद रहे।

## भिकियासैंण में आयोजित हुआ बाल अधिकार एवं विधिक जागरूकता शिविर

अल्मोड़ा। सनराइज हायर सेकेंडरी स्कूल भिकियासैंण में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बाल अधिकार एवं विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया। शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट जूनियर डिवीजन आदर्श त्रिपाठी ने बच्चों को नशे से होने वाले दुषप्रभाओं, साएबर अपराध, सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाली धोकाधड़ी, बाल श्रम, साइबर अपराध, पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक के दुष्प्रभाव आदि की जानकारी दी। यहां पीएलवी हेमा पांडे, एके मिश्रा, ओम जोशी, दीपा पालीवाल आदि रहे।

## अल्मोड़ा में मिलेट्स जागरूकता रैली निकाली

अल्मोड़ा। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार और एसोचौम के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय श्री अन्न मेले का समापन हो गया है। समापन मौके पर गुरुवार को आरसीएम मॉल से मालरोड स्थित चौघानपाटा तक मिलेट्स जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में नगर के विभिन्नल स्कूलों के छात्र-छात्राओं और एनसीसी कैडेट ने हिस्सा लेकर श्री अन्न के लाभों के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर सीडीओ अंशुल सिंह ने कहा कि मोटे अनाज को अपने दैनिक आहार में शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह आहार पौष्टिकता के साथ-साथ हमें कई गंभीर रोगों से निजात दिलाता है। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व में मोटे अनाजों को लेकर एक नई अलख जगी है। कहा कि भारत में श्री अन्न को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। विभिन्न सम्मेलनों और सेमिनारों का आयोजन कर मिलेट्स का प्रचार-प्रसार एवं कृषकों को इसके लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। रैली में मुख्य शिक्षाधिकारी हेमलता भट्ट, विनोद राठौर समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# अनुपस्थित रहने वाले परिचारक को किया निलंबित

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी। शिक्षा विभाग ने राइंका के एक परिचारक को डयूटी से अनुपस्थित रहने व उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना करने के आरोप में निलंबित कर दिया है। जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक ने निलंबन के आदेश जारी कर दिए है। परिचारक को डयूटी से अनुपस्थित रहने तथा उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना के आरोप में निलंबित किया है। डीईओ ने निलंबन आदेश जारी करते हुए उप शिक्षा अधिकारी कोट को जांच अधिकारी नामित करते हुए 15 दिन के भीतर जांच आख्या देने के निर्देश दिए हैं। परिचारक सुशील कुमार व्यवस्था पर उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय पाबौ में व्यवस्था पर तैनात था। उप शिक्षा अधिकारी पाबौ ने उसे सात दिसंबर 2022 को मूल स्कूल जीआइसी बिशल्ड के लिए कार्यमुक्त कर दिया। लेकिन उसने स्कूल में कार्यभार ग्रहण नहीं किया। स्कूल में अनुपस्थित रहने पर 27 दिसंबर 2022 को उप शिक्षा अधिकारी पाबौ द्वारा परिचारक को कारण बताओ नोटिस जारी किया लेकिन परिचारक द्वारा नोटिस का कोई जबाव विभाग को नहीं दिया गया। इस बीच परिचारक बीते 9 मार्च से 26 अप्रैल तक स्कूल से भी अनुपस्थित रहा। बीते मार्च महीने में माध्यमिक स्कूलों में परिषदीय परिक्षाओं के सफल संचालन के लिए परिचारक की तैनाती जीआईसी बिशल्ड से जीआईसी चम्पेश्वर में की गई लेकिन जीआईसी चम्पेश्वर के प्रधानाचार्य द्वारा बताया गया कि उक्त परिचारक केवल एक दिन उपस्थित हुआ। इस बीच परिचारक को नोटिस भी दिए गए। लेकिन विभागीय अधिकारी को कोई प्रत्युत्तर नहीं मिला। इस संबंध में उप शिक्षा अधिकारी पाबौ अमित चौहान ने परिचारक के प्रथम जांच की आख्या कार्रवाई की संस्तुति के साथ जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा पौड़ी को भेजी । मामले को गंभीरता से लेते हुए डीईओ बेसिक ने जीआईसी बिशल्ड के परिचारक सुशील कुमार को निलंबित कर दिया है।

## कीर्तिनगर में पीडब्ल्यूडी कार्यालय में धमके ग्रामीण

श्रीनगर गढ़वाल। देवप्रयाग विधानसभा के सुनार गांव, सिरणी गांव में 15 साल पुराने लिंक रोड के सुधारीकरण और डामरीकरण को लेकर ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी कीर्तिनगर कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि लंबे समय से गांव की कच्ची सडक़ के एलाइनमेंट और डामरीकरण की मांग की जा रही है। लेकिन विभाग व सरकार की ओर से इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश पनप रहा हे। पीडब्लूडी कार्यालय में प्रदर्शन के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता गणेश भट्ट ने कहा कि सुनार गांव व सिरणी गांव सडक़ के काम को कभी सर्वे तो कभी एलाइनमेंट के नाम पर लटकाया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियां हो रही हैं। कहा कि अब ग्रामीणों ने संकल्प लिया है कि अगर रोड नहीं बनी तो आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा। आक्रोश जताने वालों में यशोदा देवी, बीना लिंगवाल, चंद्रकला बंगवाल, जयंती डंगवाल, सुभाष लिंगवाल, विजय सिंह, माधवानंद, जगत राम, आनंद प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## सीयूईटी के परीक्षा केंद्र परिवर्तन करने को दिया एक ओर मौका

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के सत्र 2023-24 की स्नातक में प्रवेश के लिए 21 मई से शुरू होने वाली सीयूईटी प्रवेश परीक्षा केंद्र परिवर्तन के लिए छात्रों को एक और मौका मिला है। छात्र-छात्राएं एनटीए की ईमेल में अपना परीक्षा केंद्र परिवर्तन के लिए आवेदन कर सकते है। इस संदर्भ में गढ़वाल विवि के सीयूईटी के नोडल अधिकारी प्रो. अनिल कुमार नौटियाल ने बताया कि परीक्षा केंद्र के लिए छात्र एनटीए सीयूईटी की ईमेल ष्ह्वद्गह्ल-ह्वद्घ्रठ्ठह्लड्ड.ड्डष्.द्बठ्ठ पर अपने परीक्षा केंद्र को परिवर्तन करने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## 31 मई से आयोजित होंगी गढ़वाल विवि की एमएड सेमेस्टर परीक्षाएं

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि की एमएड तृतीय सेमेस्टर परीक्षाएं 31 मई से आयोजित होंगी। जबकि एमएड प्रथम सेमेस्टर व बीएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 1 जून से होंगी। विवि के परीक्षा नियंत्रक प्रो.अनिल नौटियाल ने बताया कि बीएड व एमएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 7 जून तक तथा एमएड तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 8 जून तक होंगी।

## पर्यटन सर्किट से जुड़े नगरासनी देवी मंदिर व अष्टावक्र मंदिर

श्रीनगर गढ़वाल। लॉयंस इंटरनेशनल क्लब श्रीनगर ने सुमाड़ी में स्थित नगरासनी देवी मंदिर व अष्टावक्र महादेव मंदिर को पर्यटन सर्किट से जोडऩे की मांग की है। इस संदर्भ में क्लब ने शिक्षा एवं चिकित्सा एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री को ज्ञापन प्रेषित करते हुए कहा कि श्रीनगर व पौड़ी के 6 मंदिरों का पर्यटन सर्किट बनाया गया है। जिससे इस क्षेत्र के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और नए स्वरोजगार के अवसर भी खुलेंगे। उन्होंने सुमाड़ी में स्थित नगरासनी देवी मंदिर व अष्टावक्र महादेव मंदिर की महत्ता को देखते हुए इन्हें भी पर्यटन सर्किट से जोडऩे की मांग की है।

## चौरास क्षेत्र में खुले 50 बेड का संयुक्त अस्पताल

श्रीनगर गढ़वाल। कीर्तिनगर के जनप्रतिनिधियों की मांग के अनुरूप चौरास क्षेत्र में सुविधा संपन्न संयुक्त अस्पताल न खुलने पर क्षेत्रीय लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि गत वर्ष कीर्तिनगर उप जिलाधिकारी सहित मुख्यमंत्री को कीर्तिनगर ब्लॉक प्रमुख सोवन सिंह पंवार व अन्य क्षेत्र प्रतिनिधियों सहित 282 लोगों ने मांग पत्र सौंपा था। जिसके माध्यम से चौरास क्षेत्र में श्रीनगर जैसा सुविधा युक्त 50 बेड का संयुक्त अस्पताल खोले जाने की मांग की गई थी। जिस पर कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। क्षेत्र के सुंदरमणि डबराल ने कहा कि उक्त मांग के संदर्भ में उप जिलाधिकारी कीर्तिनगर ने डीएम टिहरी को भी पत्र भेजा था। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष भी यह मुद्दा रखा गया है। कीर्तिनगर, चौरास क्षेत्र की उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने तत्काल उक्त मामले पर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## समय पर काम पूरा नहीं किया तो वेतन रोका जाएगा

पौड़ी। जल जीवन मिशन की बैठक में डीएम ने अफसरो को सख्त चेतावनी दी कि 15 जून तक निर्धारित लक्ष्य पूरा नहीं होने पर वेतन में रोक लगा दी जाएगी। डीएम ने जल संस्थान व जल निगम के अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। डीएम डा.आशीष चौहान ने बुधवार को एनआईसी कक्ष में पेयजल निगम, जल संस्थान व संबंधित अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष शेष कार्यो को 15 जून तक पूरा करने के निर्देश दिए। डीएम ने सभी अधिशासी अभियंताओं को कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए। कहा कि सख्त चेतावनी दी है कि निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कार्य पूरा नहीं करने वाले अफसरों के वेतन पर रोक लगाई जाएगी। बताया गया कि जल जीवन मिशन के तहत कुल 2764 कार्यों में से 1852 कार्य पूरे हो चुके हैं। बैठक में सीडीओ अपूर्वा पाण्डे, डीएफओ स्वप्निल अनिरुद्ध, एसई जल संस्थान प्रवीण सैनी, ईई जल संस्थान एसके रॉय, पीएम स्वजल दीपक रावत आदि मौजूद रहे।

## समय पर काम पूरा नहीं किया तो वेतन रोका जाएगा

पौड़ी। जल जीवन मिशन की बैठक में डीएम ने अफसरो को सख्त चेतावनी दी कि 15 जून तक निर्धारित लक्ष्य पूरा नहीं होने पर वेतन में रोक लगा दी जाएगी। डीएम ने जल संस्थान व जल निगम के अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। डीएम डा.आशीष चौहान ने बुधवार को एनआईसी कक्ष में पेयजल निगम, जल संस्थान व संबंधित अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष शेष कार्यो को 15 जून तक पूरा करने के निर्देश दिए। डीएम ने सभी अधिशासी अभियंताओं को कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए। कहा कि सख्त चेतावनी दी है कि निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कार्य पूरा नहीं करने वाले अफसरों के वेतन पर रोक लगाई जाएगी। बताया गया कि जल जीवन मिशन के तहत कुल 2764 कार्यों में से 1852 कार्य पूरे हो चुके हैं। बैठक में सीडीओ अपूर्वा पाण्डे, डीएफओ स्वप्निल अनिरुद्ध, एसई जल संस्थान प्रवीण सैनी, ईई जल संस्थान एसके रॉय, पीएम स्वजल दीपक रावत आदि मौजूद रहे।

# दुपट्टे से गला घोंटकर कथावाचक प्रेमी ने प्रेमिका की हत्या की

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चम्पावत। चम्पावत में प्रेमिका की हत्या मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। गृहस्थी जीवन में रोड़ा बन रही प्रेमिका को कथावाचक प्रेमी ने दुपट्टे से गला घोंटकर मारा। पुलिस ने आरोपी कथावाचक पर हत्या व एससी एसटी का मुकदमा दर्ज कर उसे सलाखों के पीछे भेज दिया है। बुधवार सुबह गोठना बरदोली के जंगल में स्थानीय ग्रामीणों को युवती का पड़ा मिला। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवती के गले और हाथ में चोट के निशान थे। पुलिस ने शक के आधार पर सल्ला चम्पावत निवासी गौरव पांडे को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। मामले का खुलासा करते हुए एसपी देवेंद्र पींचा ने बताया कि आरोपी गौरव का छह सात महीने से चौकी निवासी 22 वर्षीय बबीता विश्वकर्मा पुत्री सुरेश राम के साथ अफेयर था। लेकिन पांच माह पूर्व आरोपी कथावाचक गौरव की किसी अन्य लडक़ी के साथ विवाह हो गया। जिसके बात से गौरव और प्रेमिका बबीता के बीच अनबन होनी शुरू हो गई। पुलिस के मुताबिक गौरव की शादी होने के बाद भी बबीता इसके घर आना-जाना व कॉल करती थी। जिस कारण गौरव की गृहस्थी जीवन में दिक्कत होने लगी। गृहस्थी जीवन में प्रभाव न पड़े इसी कारण गौरव ने अपनी प्रेमिका को रास्ते से हटाने के लिए मंगलवार रात बरदोली के जंगल में बुलाकर बबीता को उसी के दुपट्टे से गला घोंट मौत के घाट उतार दिया।

घटना के बाद आरोपी ने फोड़ दिया मृतका का फोन

चम्पावत। पुलिस के मुताबिक घटना को अंजाम देने के बाद साक्ष्य छुपाने के लिए आरोपी कथावाचक ने प्रेमिका का फोन फोड़ दिया। साथ ही हत्या में प्रयुक्त दुपट्टा व टूटा मोबाइल पुलिस ने घटनास्थल से दूर बरामद किया। एसपी ने बताया कि पुलिस की त्वरित कार्रवाई से खुलासा हो सका है। एसपी ने पुलिस टीम की तारीफ करते हुए पांच हजार की नकद धनराशि इनाम के रूप में दिए हैं।

# संक्षिप्त खबरें

## छात्र-छात्राओं को पुलिस बलों के बारे में जानकारी दी

पिथौरागढ़। आजादी के अमृत महोत्सव में 55वीं वाहिनी एसएसबी की ओर से अपने पुलिस बलों को जानने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को सेना में भर्ती की प्रकिया,शैक्षिक योग्यता व अन्य पहलुओं के बारे में बताया। गुरुवार को भारत-नेपाल चौकी में स्थित जीआईसी डूंगराकोट के बच्चों को पुलिस बलों के बारे में जानकारी दी गई। सेना के अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को शहीदों की वीरगाथा सुनाई और समापन पर गणेश्वर मंदिर व सीमा चौकी क्वीतड का भ्रमण कराया। इस दौरान सहायक कमांडेट संचार समीर राणा,निरीक्षक महेंद्र कार्की,दीपक राज जोशी,कंचना कल्याण मौजूद रहे।

## ग्रामीण कर रहे डेम का विरोध, युवा बांध निर्माण के समर्थन में उतरे

पिथौरागढ़। बोकांग-बालिंग जल विद्युत परियोजना का एक तरफ जहां ग्रामीण लंबे समय से भविष्य के खतरे को देखते हुए विरोध कर रहे रहें हैं, वहीं दूसरी तरफ युवा परियोजना के तहत बनाए जा रहे बांध निर्माण के समर्थन में उतर आए हैं। युवाओं का कहना है कि योजना का निर्माण हुआ तो उन्हें रोजगार के अवसर मिलेंगे। गुरुवार को दारमा बेरोजगार समिति के अध्यक्ष विक्की सीपाल के नेतृत्व में युवाओं ने एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र की 70फीसदी जनता जल विद्युत परियोजना का समर्थन करते हैं। लेकिन उनकी मांग है कि परियोजना शुरू होते ही दारमा के लोगों को रोजगार में प्राथमिकता दी जाए। परियोजना बनने के बाद दारमा क्षेत्र में बिजली को मुफ्त किया जाए। युवाओं ने सरकार से कस्तूरी मृग विहार के अंतगर्त आ रहे 111 गांवों को बाहर करने की मांग की है। ज्ञापन देने वाले विनोद सोनाल, प्रहलाद दुगताल, भूपेंद्र दुगताल, सुंदर सीपाल, अमित फिरमाल मौजूद रहे।

## इलेक्ट्रॉनिक सामग्री की दुकान में लगी आग, लाखों का सामान राख

पिथौरागढ़। गंगोलीहाट विकासखंड मुख्यालय के दूरस्थ क्षेत्र ग्राम पंचायत पिलखी में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में आग लग गई। जिससे लाखों का सामान जलकर राख हो गया है। बुधवार को दिन में दुकान के स्वामी प्रकाश चन्द्र व उनका भतीजा ओम प्रकाश दिन के समय घर गए थे। अचानक उनकी दुकान से धुआं उठता देख लोगों ने उन्हें सूचना दी। वे दुकान में पहुंचे तो देखा कि अंदर दुकान में रखा सामान जलकर राख हो गया है। टीवी, फ्रिज ,मोबाइल, प्रिंटर के साथ कई इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर खाक हो जाने से वे परेशान हैं। घटना की सूचना क्षेत्रीय राजस्व उपनिरीक्षक को दी गई। उन्होंने मौका मुआयना कर रिपोर्ट प्रशासन को भेजी है । ओम व उनके भतीजे प्रकाश ने बेरोजगारी के कारण कर्ज लेकर साझे में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान खोली थी। आग लगने से लगभग 5 लाख का सामान जलने की संभावना व्यक्त की गई है । उन्होंने सरकार से मुआवजे की मांग की है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है ।

## चौहरा हत्या कांड के पीड़ित परिवार ने लगाई प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार

पिथौरागढ़। गंगोलीहाट बुरसुम में चौहरा हत्याकांड के पीड़ित परिवार ने प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से बच्चों के बालिक होने तक उनकी शिक्षा, भरण-पोषण की मांग की है। गुरुवार को प्रकाश राम गंगोलीहाट से 60 किमी दूर जिला मुख्यालय में एडीएम फिंचा राम चौहान से मिले। इस दौरान उन्होंने कहा कि बीते 12मई को हुए हत्याकांड में आरोपी ने उनकी पत्नी की भी हत्या कर दी। इससे उनके दो छोटे-छोटे बच्चे बेसहारा हो गए हैं। कहा कि आर्थिक तंगी के बीच उनके सामने बच्चों की परवरिश करना चुनौती बन गया है। उन्होंने प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है। ताकि वे अपने बच्चों का भरण-पोषण सही तरीके से कर सके और उन्हें पढ़ा-लिखा सके। अपनी पत्नी, मां, बहन की हत्या से व्यथित प्रकाश ने कहा कि इस घटना ने उन्हें अंदर से तोड़ दिया है। ऐसे में उनके सामने स्वयं को संभालने के साथ परिवार के भरण पोषण की भी जिम्मेदारी है। कहा कि वे छोलिया दल के साथ जाकर आजीविका चलाते थे। अब ऐसी स्थिति में नहीं हैं। कहा कि उन्हें ठोस आर्थिक सहायता नहीं दी गई तो उनके सामने गहरा संकट खड़ा हो जाएगा।

## आदि कैलास यात्रा हेतू सप्ताह में 3 दिन लिपूलेख एनएच खोलने का विरोध

पिथौरागढ़। हफ्ते में 3 दिन आदि कैलास यात्रा के लिए लिपूलेख एनएच खुला रखने का यहां के व्यापारियों व स्थानीय लोगों ने विरोध किया है। कहा है कि दिसंबर से अप्रैल तक बीआरओ को सडक़ निर्माण के लिए समय दिया गया था। माइग्रेशन व आदि कैलास की यात्रा के समय इस एनएच को काम के लिए हफ्ते में चार दिन बंद रखना यहां पर्यटन कारोबारियों के पेट पर लात मारने का प्रयास है। इसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। गुरुवार को जैसे ही स्थानीय लोगों को सप्ताह में लिपूलेख एनएच को आदि कैलास यात्रा के लिए तीन दिन खुला रखने की जानकारी मिली लोग भडक़ उठे। रं कल्याण संस्था के अध्यक्ष दीपक रोंकली के नेतृत्व में लोगों ने एसडीएम दिवेश शासनी से मिले। उन्होंने कहा सीमांत क्षेत्र में एक मात्र धार्मिक यात्रा आदि कैलास यात्रा है। मई से जून तक की यात्रा का समय ही सबसे महत्वपूर्ण होता है। इसी यात्रा पर सीमांत की पर्यटन उद्योग व स्वरोजगार करने वाले उद्यमियों की आजीविका निर्भर है ।कहा कि पिछले साल हमने प्रशासन व बीआरओ को कहा था कि वे दिसम्बर से अप्रैल तक अपने मूल गांवों मे आवाजाही नही करेंगे। इस दौरान जितने भी निमार्ण कार्य ,भारी ब्लास्टिंग करना है कर लें। इस दौरान मार्ग बंद रखा गया लेकिन काम अपेक्षित गति से नहीं हुआ। कहा अब यात्रा सीजन में यह एनएच बंद रखने का निर्णय गलत है।

## पिथौरागढ़ में कांग्रेस की नई टीम बनेगी

पिथौरागढ़। नगर निकाय, लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस टीम में फेरबदल होगा। पहले ब्लॉक कमेटी से सदस्यों का चुनाव किया जाएगा। ब्लॉक कमेटी के बाद वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को जिले की टीम में शामिल किया जाएगा। गुरुवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंजू लुंठी ने पुरानी कांग्रेस कमेटी को भंग कर दिया है। उन्होंने नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, सभी फ्रंटल अध्यक्षों को एक हफ्ते के भीतर अपनी कमेटियों के गठन करने के निर्देश दिए हैं। जिलाध्यक्ष लुंठी ने बताया कि ब्लॉक अध्यक्षों का चुनाव पूर्व में हो चुका है। काफी समय के बाद भी ब्लॉक अध्यक्षों ने अपनी कमेटी का गठन नहीं किया है। उन्हें नई कमेटी बनाने के आदेश दिए गए हैं। ब्लॉक कमेटी के गठन के बाद जिले की टीम गठित की जाएगी। बताया कि पीसीसी सदस्यों को जिला स्तर में कोई पद नहीं दिया जाएगा। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को जिला कमेटी में शामिल किया जाएगा।